<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विषयः-<u>विमान अग्निशमन एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु भाविप्रा अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र को</u> आई एम एस प्रमाणन 9001/14001/18001 दिया जाना।

<u>नई दिल्ली, 18 जून, 2015</u> : विमान अग्निशमन तथा बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आईएमएस प्रमाणन 9001/14001/18001 भाविप्रा अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र को दिया गया एवं इसे हाल ही में अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र को अग्निशमन सप्ताह के दौरान भाविप्रा के अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रमाणन से, भाविप्रा अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र देश का केवल एक अग्निशमन प्रशिक्षण संस्थान बन गया है जिसे विमान बचाव एवं अग्निशमन प्रशिक्षण में ऐसे मानक प्रमाणन प्राप्त हुए हैं।

एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) में प्रमाणन आईएसओ 9001 :2008 (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली), आई एस ओ 14001 :2004 (पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली) तथा ओ एच एस ए एस 1800:2007 (व्यावसयिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रबंधन प्रणाली) मानक की अपेक्षाए शामिल है।

इसके अलावा वैश्विक स्तर के मानकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विकसित करने हेतु एफटीसी को पहले ही इकाओ ट्रेन एयर प्लस एसोशिएट सदस्यता से सम्मानित किया गया है।

....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।

महाप्रबंधक जनसंपर्क, भाविप्रा 9810025069,011-24622787

सं- 18/2015-16

श्री आर.के. श्रीवास्तव, भा.प्र.से, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र को आई एम एस प्रमाणन प्रदान करते हुए। चित्र में भाविप्रा के वरिष्ठ अधिकारी भी दिखाई दे रहे है।